# डेंगू नियंत्रण को लेकर युद्ध स्तर पर जारी किया गया अभियान

- साफ -सफाई के लिए नगर निगम से 400 लोगों की टीम उतारी गई फील्ड पर, पृथक से 350 से अधिक लोग लगे डोर टू डोर सर्वे में
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पूरी प्रशासनिक मशीनरी को किया एक्टिवेट, खुद कर रहे अभियान की मॉनिटरिंग, ऑडिटोरियम में ली बड़ी बैठक
- जिला अस्पताल को बनाया गया डेडीकेटेड डेंगू उपचार केंद्र
- डॉक्टरी सलाह और प्रबंधन के लिए कंट्रोल रुम स्थापित
- कलेक्टर के सख्त निर्देश, नही बर्दाश्त की जायेगी कोई लापरवाही
- डोर टू डोर सर्वे अभियान के लिए सभी 48 वार्डों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को बनाया गया नोडल
- लोगों से अपने घरों में पानी जमा न होने देने की अपील
- लक्षण दिखने पर तत्काल लें डॉक्टर की सलाह, जांच व उपचार लेने में न करें देरी



**रायगढ़।** शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। लगभग 750 लोगों को डोर टू डोर सर्वे और साफ -सफाई के काम में लगाया गया है। इसी के संबंध में कलेक्टर सिन्हा ने प्रशासन के सभी विभागों के साथ सिविल सोसाइटी के स्टेक होल्डर्स की महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शहरवासियों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। डेंगू की रोकथाम के लिए पूरी क्षमता से काम करना है। गौरतलब है कि डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए कलेक्टर सिन्हा ने सभी विभागों को अलर्ट पर रखा है। डेंगू के लिए सर्वे के साथ जन-जागरूकता अभियान, दवा का छिड़काव जैसे काम पूरी क्षमता से किया जाना है।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि डेंगू से निपटने के लिए संसाधनों की कहीं कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में दवाइयां और अस्पतालों में बेड है। निजी अस्पतालों को समुचित व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि हम सब ने मिलकर कोरोना पर विजय पाई है, उसी साझी भावना के साथ काम करें तो डेंगू से जल्द निपटा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के सभी 48 वार्डों के लिए टीमें गठित की गई है। जिला स्तरीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर सिन्हा ने सिविल सोसाइटिज के सदस्यों से कहा कि डेंगू के नियंत्रण के लिए जनजागरुकता और सहयोग बेहद जरूरी है। डेंगू का लार्वा साफ और स्थिर पानी में पनपता है। ऐसे में हम संकल्प करें की अपने आस-पास की सफाई में पूरा योगदान देंगे। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने की बात कही। साथ ही बताया कि जिला प्रशासन ने उपचार के संबंध में पर्याप्त प्रबंध किए हैं।

इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम बनाकर घर-घर सर्वे किया जा रहा है। डेंगू की जांच और उपचार के लिए पूरी व्यवस्था है। दवाई पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने सभी से अपील किया कि इस जनअभियान में अपना पूरा सहयोग दें। डॉ.पी.के.गुप्ता ने सभी टीमों को डेंगू वायरस के प्रसार को रोकने, जांच और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि लक्षण आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और टेस्ट करवाकर इलाज शुरू करें।

बैठक में अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, ज्वाईंट कलेक्टर डी.आर. रात्रे, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**डेंगू नियंत्रण के लिए टीमें उतरी फील्ड पर-** शहर में डेंगू को नियंत्रण में लाने के लिए कलेक्टर सिन्हा ने पूरी प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट और एक्टिवेट कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू सर्वे के लिए 180 मितानिन, 160 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 13 एएनएम और 42 सुपरवाइजर को डोर टू डोर सर्वे और जागरूकता अभियान में लगाया गया है। वहीं आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि नगर निगम की ओर से करीब 400 लोगों की टीम साफ -सफाई में लगे हुए हैं। 24 टीम दवाओं का स्प्रे और पाउडर छिड़काव में लगी है। वहीं 8 टीमें फॉगिंग के लिए तैनात की गई हैं। नगर निगम के 22 अधिकारियों को सारी व्यवस्था के मॉनिटरिंग का जिम्मा दिया गया है। कचरा उठाव के लिए नगर निगम की पूरी मशीनरी को लगाया गया है। वहीं सभी वार्डों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। अन्य विभागों के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

**संजय मार्केट में पहुंचे कलेक्टर, साफ -सफाई चाक चौबंद रखने के दिए निर्देश, जिला अस्पताल का भी किया मुआयना-** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पूरे शहर में साफ -सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया हुआ है। आज नगर निगम द्वारा संजय मार्केट में वृहत सफाई अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने मौके पर पहुंच के खुद सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पूरे इलाके की अच्छे से साफ सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने जिला अस्पताल पहुंच कर डेंगू मरीजों के उपचार के लिए की गई तैयारियों का भी मुआयना किया। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में बेड और दवाइयों का इंतजाम करने के निर्देश दिए।

**जिला अस्पताल को बनाया डेडीकेटेड डेंगू उपचार केंद्र, दूसरे अस्पतालों को रखा गया अलर्ट पर-** कलेक्टर सिन्हा ने मरीजों के जांच और उपचार को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिला अस्पताल में डेंगू के लिए एक आइसोलेटेड वार्ड तैयार किया गया है। वहीं मेडिकल कॉलेज और शहर के निजी अस्पतालों को भी अलर्ट पर रखा गया है। जिससे मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार मिल सके।

**डेंगू में डॉक्टरी सलाह और प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित-** डेंगू मरीजों को चिकित्सकीय सलाह और डेंगू प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें चिकित्सकीय सलाह हेतु जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी मोबा.नं.94255-75680, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल मोबा.नं.88392-68592, डॉ.पी.के.गुप्ता मोबा.नं.94252-52730, डॉ.प्रकाश चेतवानी मोबा.नं.97526-14877 की ड्यूटी लगायी गयी है। मरीज अथवा उनके परिजन उक्त डॉक्टरों से संपर्क कर सलाह ले सकते है। वहीं डेंगू प्रबंधन के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा मोबा.नं.79877-01654, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी.बस्तिया मोबा.नं.75870-71775 से संपर्क कर सकते है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिक्षक पद की तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग आज से 24 तक

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों की तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 24 सितम्बर को शाम 5 बजे तक होगी। तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट में प्रारंभ की जा रही है। इस काउंसिलिंग में व्यापम के परीक्षा परिणाम के अनुसार शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

### सहायक शिक्षक पद की ऑनलाईन काउंसिलिंग 23 एवं 24 को

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में सहायक शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों की ऑनलाईन काउंसिलिंग 23 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 24 सितम्बर को शाम 5 बजे तक होगी। यह ऑनलाईन काउंसिलिंग स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट में प्रारंभ की जा रही है। इस काउंसिलिंग में व्यापम के परीक्षा परिणाम के अनुसार सहायक शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

### सहायक शिक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 26 से 28 तक

रायपुर, 21 सितम्बर (आरएनएस)। शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में सहायक शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन 26 सितंबर से 28 सितम्बर तक दक्ष कमाण्ड एवं कण्ट्रोल सेन्टर, तृतीय तल मल्टीलेवल पार्किंग जयस्तंभ चौक, रायपुर में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन की तिथि एवं समय की सूचना अभ्यर्थियों के मोबाइल नम्बर और उनके लॉगिन पोर्टल पर उपलब्ध करायी जाएगी। अभ्यर्थी कटऑफ की जानकारी विभाग के पोर्टल पर देख सकते है।

# शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने का लेकर थाना प्रभारी छाल ने ली ग्राम सरपंचों की बैठक



**रायगढ़।** आसन्न चुनावों को लेकर जिला पुलिस बेहद गंभीर है, पुलिसकर्मियों और ग्राम कोटवार को चुनावी प्रशिक्षण दिये जाने के बाद थाना प्रभारियों द्वारा ग्राम सरपंचों की बैठक ली जा रही है। इसी कड़ी में बीते मंगलवार को थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा चुनावों को निष्पक्ष एवं भयमुक्त तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा मतदान केन्द्र की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के मद्देनजर थानाक्षेत्र के ग्राम सरपंचों के साथ एक बैठक किया गया।

बैठक के दौरान थाना प्रभारी छाल ने सरपंचों को बताया गया कि चुनाव को शांतिपूर्वक निपटान करवाना हम सब की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने व चुनावों को निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले, आमजन को उकसाने, भड़काने व शांति भंग करने वाले असामाजिक शरारती स्वार्थी तत्वों पर पुलिस द्वारा लगातार कड़ी निगाह रखी जा रही है। उन्होंने सरपंचों से मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया तथा शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर गांवों में अवैध शराब की बिक्री, शरारती व असामाजिक तत्व व गड़बड़ी फैलाने वाले की सूचना पुलिस को देने कहा गया है।

# एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारियों ने परखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर नये सिरे से थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसमें मुख्यत: बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करना, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा उपकरणों की जांच, बैंक गार्ड व उसके हथियार की म्याद की स्थिति की जांच, बैंक के आसपास असामाजिक तत्वों के जमावड़े आदि की जांच के साथ बैंक प्रबंधन को सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश देना व बैंक सिक्योरिटी आडिट रिपोर्ट भेजना है।

पुलिस कप्तान ने निर्देशन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा चक्रधरनगर स्थित टी.वी. टावर एसबीआई बैंक और मेडिकल कॉलेज एसबीआई बैंक चेक किया गया। उन्होंने सुरक्षा के सभी उपकरणों के संबंध में बैंक अधिकारियों से चर्चा कर स्वयं फिजिकली चेक किया गया तथा बैंक में तैनात गार्ड के हथियार और उसके म्याद की जानकारी ली गई। उन्होंने बैंक मैनेजर तथा बैंककर्मियों से आपातकालीन स्थिति में क्या करें क्या ना करें इस संबंध में से चर्चा कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया है। वहीं जिले के अन्य थानाक्षेत्रों में भी थाना प्रभारियों एवं स्टाफ द्वारा बैंक और एटीएम की जांच की गई। पुलिसकर्मियों ने बैंक के पास खड़े संदिग्धों की चेकिंग की गयी। वहीं चेकिंग के दौरान बैकों मे लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरों, आलर्म आदि को भी चेक किया गया और सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात गार्ड को जरुरी दिशा निर्देश दिये गये हैं तथा बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ कर बिना वजह मौजूद ना रहने की हिदायद दी गयी। अभियान के तहत ज़िले के सभी बैंकों के सुरक्षा रिपोर्ट संबंधित बैंक को भेजी जाएगी जिससे उन कमियों को दुरुस्त किया जा सके।

# चक्रधर नगर : राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के महिला पहलवानों ने लिया हिस्सा, कुश्ती के दिखाए दांव-पैंतरे

- बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पहचान की मोहताज नहीं- महापौर जानकी काटजू



**रायगढ़।** चक्रधर समारोह के अवसर पर आज प्रात: 10 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर जानकी काटजू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकर पटेल उपस्थित रहें।

समारोह को संबोधित करते हुए महापौर जानकी काटजू ने कहा कि आज हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पहचान की मोहताज नही है, आज खेल के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां अपनी परचम लहरा रही हैं। कुश्ती के क्षेत्र में बेटियों ने कई मेडल से जिला, राज्य एवं देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि चक्रधर समारोह के अवसर पर आज यहां राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता देखने का मौका मिल रहा है।

आयोजन में महिला पहलवानों ने अपना दमखम दिखा कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। जिसमें प्रमुख रुप से महिला पहलवानों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। राजस्थान की आशा एवं यूपी की तन्नू चौहान, पंजाब की कृति एवं यूपी की प्रियंका के बीच हुए मुकाबले के फुर्तीले अंदाज से लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। महिला कुश्ती प्रतियोगिता में कुल 45 सदस्य शामिल रहे। जिसमें मेरठ, पंजाब, पानीपथ, जयपुर, हरियाणा, राजस्थान जैसे विभिन्न स्थानों से आये थे। जिसमें उत्तर प्रदेश से दिव्या तोमर, हरियाणा से रजनी, रीना, सिमरन, हंसिका, पंजाब से मंजू जैसे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों ने दंगल में अपना जौहर दिखायी। इस मौके पर मेरठ से आये इंटरनेशनल कोच डॉ.जबर सोम, नेशनल कोच एवं रेफरी जसबीर सिंह, एनआईएस कोच रोहतक जय भगवान, सहायक आयुक्त आदिम जाति बी.के.राजपूत उपस्थित रहे। इस दौरान दिनेश जायसवाल, बलबीर शर्मा, नंदलाल गोड़, बालकृष्ण डनसेना का विशेष सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य विभाग ने लगाया टीवी के लिए विशेष जांच शिविर



- बाल संप्रेषण गृह एवं जिंदल चिल्ड्रन होम बालक तमनार में लगा शिविर

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एवं रंजना पैकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक व डॉक्टर जे.के.चौधरी जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी के मार्गदर्शन में रायगढ़ के बाल संप्रेषण गृह एवं जिंदल चिल्ड्रन होम बालक तमनार में टीवी के विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्रमश: 23 व 49 बच्चों का जांच किया गया।

उक्त बाल संप्रेषण गृह में चिकित्सा डॉक्टर सौरव अग्रवाल, राम प्रसाद टोप्पो, उषा सहित नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य तथा जिंदल चिल्ड्रन होम में चिकित्सक डॉ.देवेंद्र देवांगन, पूजा गोस्वामी, जय नारायण सारथी एलटी, कुमारी साक्षी पटेल एवं अन्य उपस्थित रहे।

# चक्रधर नगर : मंगनी से लेकर विदाई तक की झलकियां दिखी आरती सिंह के लोकचंदा गीत में

- लखनऊ घराने की कत्थक नृत्यांगना नेहा बनर्जी ने दी मोहक प्रस्तुति
- शहीदों के बलिदान को याद दिलाया मो.रौशन अली के देशभक्ति गीतों ने
- सुर-ताल, छंद और घुंघरु के मंच में ऐश्वर्या पंडित के गायन ने दर्शकों को बांधे रखा देर रात तक
- रायगढ़ घराना से ज्योतिश्री एवं घनिष्ठा दुबे की रही कथक नृत्य में बेजोड़ प्रस्तुति





**रायगढ़।** चक्रधर समारोह की द्वितीय संगीत संध्या दर्शकों के लिए यादगार रहा। स्थानीय कलाकारों एवं छत्तीसगढ़ राज्य से आये अन्य कलाकारों ने अपनी बेहतरीन फारफार्मेंस ने दर्शकों को देर रात तक ऑडिटोरियम में बांधे रखा। सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत में मो.अयान के ग्रुप ने पियानों में बेहद ही सुरीली प्रस्तुति दी। पहला नशा, क्योंकि तुम ही हो, मुझ में कहीं जैसे गीतों पर पियानों के साथ क्लैप बॉक्स, की बोर्ड, मेलोडिका, तबले, ऑक्टाकार्ड, जम्बे पर संगत कर कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की इस कड़ी में लखनऊ घराने की कत्थक नृत्यांगना नेहा बनर्जी ने कत्थक नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने प्रथम चरण में शिव वंदना और द्वितीय चरण में तीन ताल में 2 तोड़े, तृतीय चरण में तत्कार की प्रस्तुति, चतुर्थ चरण में झपताल की प्रस्तुति, पंचम चरण में तराना और छटवे और अंतिम चरण में कृष्ण लीला पर आधारित 'ठुमरीÓ की सुंदर प्रस्तुति दी। रायपुर की आनंदिता तिवारी ने भी कथक नृत्य भी प्रस्तुति दी। इसी के साथ ही रायपुर की ऐश्वर्या पंडित की गायन ने दर्शकों का मनमोह लिया। उनकी पहली पेशकश आज जाने की जिद न करो... की गायन से दर्शकों ने खुब तालियां बजायी। रायगढ़ के कु.श्रुतिदास की ओडिसी नृत्य की भी शानदार प्रस्तुति रही।

संगीत संध्या की अगली कड़ी में रायगढ़ घराने की ज्योतिश्री बोहिदार ने तीन ताल में शिव स्तुति के साथ राम भजन के भाव में कथक नृत्य की मनमोहिनी प्रस्तुति दी। उनके साथ ओजस्विता, सृष्टि गर्ग, दक्षता साव, गुनगुन रावत रही और पंडत पर पं.सुनील वैष्णव, बासंती वैष्णव, तबले पर दीपक साहू, गायन पर लाला राम लुनिया, बांसुरी पर कुशल दास महंत एवं सारंगी पर साफिक हुसैन ने संगत किया। ज्योतिश्री बोहिदार रायगढ़ दरबार के चार स्तम्भ कलाकार में से पं.फिरतु महाराज की पौत्री एवं सुप्रसिद्ध नृत्यांगना बासंती वैष्णव की पुत्री है। ज्योतिश्री कथक नृत्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हुई है। इसी प्रकार रायगढ़ घराने की घनिष्ठा दुबे ने भी कथक नृत्य में बेजोड़ प्रस्तुति दी।

**बिहाव गीत में आरती सिंह ने दी शानदार प्रस्तुति-** रायपुर की आरती सिंह के लोक संगीत (लोकचंदा)की छत्तीसगढ़ी गीत बर तरी खड़े हे बरतिया.. दाई मोर रोवत हे... गीत से दर्शक भाव-विभोर हो गए। उनकी बिहाव गीत में मंगनी से लेकर बिदाई तक की झलकियां दिखी। इसी के साथ उन्होंने जय हो मोर छत्तीसगढिय़ा मैया ... में बेहतरीन प्रस्तुति दी। उनके गानों के साथ संगत कलाकारों ने नृत्य की भी प्रस्तुति दी। साथ ही उन्होंने गौरा-गौरी पूजा में मोर ठाकुर देवता को सुमिरन की और बुढ़ी माई की अराधना में जसगीत भी गाकर सुनाया दर्शकों को।

**राजा चक्रधर सिंह की कहानी सुनी दर्शकों ने लोक रंग नाचा के माध्यम से-** रायगढ़ के हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा ने लोक रंग नाचा की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने भगवान गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात उन्होंने राजा चक्रधर सिंह की कहानी को गायन के माध्यम सुनाया। उन्होंने लोक रंग नाचा के माध्यम से एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी और दर्शकों की खुब तालियां बटोरी।

**शहीदों के बलिदानों को याद दिलाया मो.रौशन अली के देशभक्ति गीतों ने-** रायगढ़ के मो.रौशन अली ने देशभक्ति एवं भजन गायन गाया। उनकी देशभक्ति गीतों ने बैठे दर्शकों को शहीदों के बलिदानों को याद दिलाया। उनकी पहली पेशकश संदेशे आते है हमें तड़पाते है... चिट्ठी आती है... के देशभक्ति गीत से दर्शकों के आंखे नम हो गई। साथ ही उन्होंने भजन गायन में भी बेहतरीन प्रस्तुति दी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480